पत्र संख्या–1/स्था0 (5) 02/2025–....................../

बिहार सरकार

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

प्रेषक,

मुकेश कुमार "मुकुल",

सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

निदेशक, गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना।

क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक (गव्य), केन्द्रीय क्षेत्र, पटना।

क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक (गव्य), मुजफ्फरपुर।

क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक (गव्य), भागलपुर।

सभी उप निदेशक गव्य, बिहार।

सभी जिला गव्य विकास पदाधिकारी बिहार।

गव्य शोध पदाधिकारी, पटना।

पटना–15, दिनांक ................/2025

विषयः– **बिहार गव्य विकास सेवा के राजपत्रित पदाधिकारियों का फोटोयुक्त असैनिक–सूची तैयार किए जाने हेतु विहित प्रपत्र में सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन बिहार गव्य विकास सेवा के राजपत्रित पदाधिकारियों का फोटोयुक्त असैनिक सूची तैयार किया जाना है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों का असैनिक सूची का प्रकाशन किया गया है, जो फोटोयुक्त नहीं है। फोटोयुक्त असैनिक सूची तैयार करने हेतु विषयांकित सेवा के पदाधिकारियों के संबंध में Latest Photo सहित कतिपय सूचना की आवश्यकता है। इस संबंध में सभी नियंत्री पदाधिकारियों द्वारा अपने–अपने प्रक्षेत्र अन्तर्गत कार्यरत पदाधिकारियों का संलग्न विहित प्रपत्र में सूचना प्राप्त कर विशेष दूत के माध्यम से प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगे। जो पदाधिकारी अवकाश में हैं उनके नियंत्री पदाधिकारी उनसे भी विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन प्राप्त कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जो पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति पर हैं वें भी अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे। सभी नियंत्री पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि अपने नियंत्रणाधीन कार्यरत कोई भी पदाधिकारी छूटे नहीं।

अतः सभी नियंत्री पदाधिकारियों से अनुरोध है कि उक्त सूची तैयार करने हेतु बिहार गव्य विकास सेवा के राजपत्रित पदाधिकारियों से संबंधित वांछित सूचना 15 (पन्द्रह) दिनों के अंदर संलग्न प्रपत्र में प्राप्त कर (दो अतिरिक्त फोटो सहित) उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक–प्रपत्र।**

विश्वासभाजन

ह0/–

**सरकार के उप सचिव।**

**ज्ञापांकः–1/स्था0 (5) 02/2025–4423/पटना–15, दिनांक–10/10/2025**

**प्रतिलिपिः**–आई0टी0 प्रबंधक, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सभी संबंधितों को ई–मेल करने/वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**सरकार के उप सचिव।**

# बिहार गव्य विकास सेवा के राजपत्रित पदाधिकारियों का फोटोयुक्त असैनिक सूची के निर्माण हेतु

## अपेक्षित सूचना

हाल का खींचा हुआ पासपोर्ट साईज का अभिप्रमाणित फोटो चिपकाएँ। (दो समान अतिरिक्त फोटो बिना अभिप्रमाणित संलग्न करें)

| | | |
|---|---|---|
| 1) | पदाधिकारी का नाम एवं पदनामः– | |
| 2) | जन्मतिथि एवं सेवानिवृत्ति की तिथिः– | |
| 3) | वर्तमान पदस्थापित विभाग/कार्यालय का नामः– | |
| 4) | पूर्व का वरीयता/सिविल लिस्ट का क्रमांकः– | |
| 5) | शैक्षणिक योग्यता एवं यदि कोई विशेष योग्यता हो, तो उसका भी उल्लेख करें:– | |
| 6) | योगदान एवं सम्पुष्टि की तिथिः– | |
| 7) | ई–मेल आई0डी0:– | |
| 8) | मोबाईल नं0:– | |
| 9) | नियुक्ति का श्रोतः– | |
| 10) | आरक्षण कोटि एवं आयोग द्वारा अनुशंसित कोटिः– | |
| 11) | स्थायी पताः–<br>(सेवापुस्त के अनुसार, गृह जिला सहित) | |
| 12) | वर्तमान पताः– | |

नियंत्री पदाधिकारी का प्रतिहस्ताक्षर एवं मोहर
(विभाग/कार्यालय का नाम सहित)

पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं तिथि